## अस्पताल का निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के सांगोद विधानसभा क्षेत्र के अस्पतालों में व्यवस्थाओं में सुधार और निरीक्षण प्रक्रिया करने के निर्देश के बाद शनिवार को मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना दीगोद पहुंची। उन्होंने दीगोद के अस्पताल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को विभिन्न निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. सक्सैना ने जीर्ण-शीर्ण बिल्डिंग को ध्वस्त कर नए भवन निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अस्पताल के जीर्णोद्धार के लिए सीएफसीएल गढ़ेपान से भी सहयोग लेने की बात कही। निरीक्षण के दौरान दीगोद अस्पताल की लैब के लिए सीबीसी मशीन, माइक्रोस्कोप सेमी औटोएनलाईजर मशीन को मेडिकल कॉलेज से भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने दीगोद अस्पताल में पिछले छह माह से अनुपस्थित चल रही लैब टेक्नीशियन के स्थान पर अन्य लैब टेक्नीशियन को लगाने के लिए सीएमएचओ कोटा से वार्ता की। उन्होंने लैब रीजेंट को भी भिजवाने लिए कहा। सीएमएचओ को अस्पताल की सफाई के लिए बजट निर्धारित करने को भी कहा। दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी दवा भंडार प्रभारी को निर्देशित किया गया। साथ ही, अतिरिक्त नर्सिंग स्टॉफ लगाने के लिए भी आश्वस्त किया है। निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, मंडल अध्यक्ष दीगोद इंद्रकुमार खंडेलवाल, प्रधान प्रतिनिधि राकेश मोनू सनाढ्य, सुनील नागर, रमेश गोचर, आरएमआरएस सदस्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ यादवेन्द्र शर्मा, नर्सिंग प्रभारी अशफाक पठान सहित दीगोद अस्पताल का स्मस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# 'एल.बी.एस. स्कूल 34 बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देगा'

■ स्थापना के 34 वर्ष पूर्ण होने पर घोषणा की

**कोटा,** (निसं)। लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा संस्था के 34 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया उत्सव मनाया गया। एलबीएस ग्रुप के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया की आज से 34 वर्ष पूर्व सन 1991 में हमारे पूज्यनीय पिताजी स्व.सुरेन्द्र द्वारा छोटी सी बिल्डिंग से एलबीएस की छोटी सी नींव रखी थी जो आज वृट-वृक्ष के रूप में देश के कई शहरों में कार्य कर रही है। आज संस्था के विद्यालय महाविद्यालय व शिक्षा के क्षेत्र मे कई कार्य संस्था द्वारा किया जाता है। संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क विशेष विद्यालय संचालित किया जाता है। 1991 में 2025 तक के सफर में लाखों विद्यार्थियों को संस्था द्वारा शिक्षा दी गई है साथ ही इस वर्ष 34 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य संस्था के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने कहा 34 विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाऐगी डायरेक्टर सुदर्शन माथुर ने बताया की 22 मार्च 2025 को संस्था के 34 वर्ष पूर्व होने पर संस्था के सभी कैम्पस में सहयोगीयों के साथ उत्साह के साथ केक काट कर हर्षोल्लास के स्थापना दिवस मनाया गया। संस्था 34 वर्षा में शिक्षा व समाजिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने पर संस्था को अन्तर्राष्ट्रीय/राज्य व जिलास्तरीय पर सम्मानित हुई है।

**संस्था की 34 वर्षों की यात्रा एक प्रेरणा का स्त्रोत:**-लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा संस्था एलबीएस के 34 वर्ष पूर्ण होने पर संस्था ने 22 मार्च 2025 को एक भव्य और उल्लासपूर्ण उत्सव का आयोजन किया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य संस्था के 34 वर्षों की यात्रा को याद करना और भविष्य के लिए अपने उद्देश्यों और कार्यों को एक नया दिशा देना था। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने संस्था की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों का विवरण दिया और सभी उपस्थित सदस्य व सम्मानित अतिथियों को संस्था के उत्थान में योगदान देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

एलबीएस संस्था की स्थापना 1991 में स्व.सुरेन्द्र जी द्वारा की गई थी। कुलदीप माथुर ने बताया कि उस समय एक छोटी सी बिल्डिंग में संस्था की नींव रखी गई थी। जो आज पूरे देश के विभिन्न शहरों में शिक्षा के क्षेत्र में अपने कार्यों को बढ़ा रही है। शुरुआत में यह एक साधारण स्कूल था, लेकिन आज यह संस्था एक विशाल शिक्षा समूह बन चुकी है, जो न केवल शिक्षा बल्कि समाजिक कार्यों में भी अविस्मरणीय योगदान दे रही है। संस्था का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और समाज के पिछड़े वर्गों तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाना है। यह संस्था छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालय:**-संस्था की विशेष पहल में एक बड़ा योगदान दिव्यांग बच्चों के लिए नि:शुल्क विशेष विद्यालय का संचालन है। कुलदीप माथुर ने बताया कि संस्था ने दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष विद्यालय स्थापित किया हैए जहां उन्हें न केवल शिक्षा मिलती है, बल्कि उन्हें समाज में अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया जाता है। इस विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए व्यक्तिगत ध्यान और एकीकृत शिक्षा दी जाती है, ताकि वे भी समाज के अन्य बच्चों के समान अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

**34 विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा:**- इस विशेष अवसर परए संस्था ने एक नई पहल की घोषणा की। संस्था के अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया कि इस वर्ष 34 वर्षों के उपलक्ष्य में संस्था 34 विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करेगी। यह कदम संस्था के सामाजिक दायित्व को निभाने और शैक्षिक अवसरों को समान रूप से सभी वर्गों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था द्वारा चयनित विद्यार्थियों को पूरी शिक्षा उनके लिए सभी आवश्यक शैक्षिक संसाधनों के साथ दी जाएगी। इस पहल से यह भी संकेत मिलता है कि संस्था शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर बढ़ा रही है और समाज में जरूरतमंद बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना चाहती है।

**समारोह और सम्मान:**-संस्था के स्थापना दिवस पर आयोजित उत्सव का आयोजन बहुत ही भव्य और उल्लासपूर्ण था। इस अवसर पर संस्था के सभी सहयोगी और सम्मानित सदस्य मौजूद थे, जिनमें संस्था की सचिव उर्मिला माथुर, सीईओ ओपी माथुर, डॉ. शिल्पा माथुर, डॉ. प्रिय शुक्ला, डायरेक्टर सुदर्शन माथुर, योगेंद्र माथुर, मोहित जैन, दीपक खत्री, राजीव पालीवाल, यकीन खान, दीपक गुप्ता, अनिल नामदेव, डॉ. ।दपजं रायए रिषभ कुमार, सुरेन्द्र नागर, और अन्य सदस्य शामिल थे। उत्सव के दौरान एक केक काटने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के सभी सदस्य और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अपने योगदान की सराहना की और संस्था के भविष्य की दिशा के बारे में विचार व्यक्त किए। केक काटने का यह प्रतीकात्मक आयोजन संस्था की सफलता और भविष्य की नई उम्मीदों का प्रतीक था।

## शिविर में 52 श्रमिकों का स्वास्थ्य जांचा

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा के तहत जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नरेन्द्र नागर कोटा के निर्देशानुसार 21 मार्च शुक्रवार को चिकित्सा विभाग की ओर से मंगलम सीमेंट फैक्ट्री मोड़क व आसपास के क्षेत्र में सिलिकोसिस जागरुकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।

फैक्ट्री में व आसपास काम करने वाले श्रमिकों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की और परामर्श दिया। मेडिकल टीम कोटा से डॉ चेतन शर्मा पीसीएमओ लैब सुपरवाईजर पवन शर्मा पीएचसी से डॉ. गिरिराज अग्रवाल व डॉ.उमा शंकर सहित स्टॉफ ने सेवाएं दी। शिविर में 52 श्रमिकों में से 7 की स्पूटम जांच व 7 को चेस्ट एक्सरे के लिए रेफर किया गया। वहीं 52 की शुगर/बीपी की जांच की। कोटा से जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में आए लोगों को सिलिकोसिस रोग से बचाव के उपाय और बचाव के साधन अपनाने की हिदायत दी। खनन क्षेत्रों में ड्रिलिंग कार्य करते समय व ब्लास्टिंग मशीन से खनन में काम करते समय उड़ती धूल-मिट्टी से बचाव करने खनन क्षेत्रों के कच्चे रास्तों पर पानी का छिड़काव करने खनन कार्य के समय डस्ट मास्क का उपयोग करने जैसे उपाय बताए गए। साथ ही टीबी रोग से बचाव उपचार निक्षय मित्र एवं निक्षय संबल योजना के बारे में भी बताया गया।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला छीपाबड़ौद की जिला बैठक यहां की नागर छात्रावास में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला टोली सहित सम्पूर्ण पांचों प्रखण्डों की उपस्थिति रही।

जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख कैलाश सुमन ने बताया की प्रांत सहमंत्री युधिष्ठिर सिंह हाडा, विभाग मंत्री संदीप श्रोत्रिय, प्रांत सयोजक योगेश रेनवाल, जिलाध्यक्ष गुलाबचन्द कुशवाह ने बैठक की शुरुआत की। बैठक में प्रांत सहमंत्री सिंह ने धर्मरक्षा निधि, आगामी कार्यक्रम रामोत्सव व 16 से 23 मई तक कस्बे में आयोजित होने वाले बजरंग दल के प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग व हनुमान जयंती आदि कार्यक्रमों के बारे मे विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओ से तैयारियां में जुटने का आह्वान किया। बैठक मे जिला, प्रखण्ड, खण्ड व नगर टोली के नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ/तहसील/क.ब./2025/977 दिनांक 21.3.2025

**नाम हस्तान्तरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना**

कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा कच्ची बस्ती के नियमन के तहत सर्वे संख्या 615 कच्ची बस्ती बापू नगर का पट्टा नियमन क्रमांक नियम/आवंटन/1228 दिनांक 01.07.2015 को श्री ऋषीन्द्र तिवारी पुत्र श्री रघुवीर प्रसाद एवं श्रीमती राजबाला पत्नि श्री ऋषीन्द्र तिवारी को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री ऋषीन्द्र तिवारी का स्वर्गवास दिनांक 03.02.2020 को हो जाने के कारण आवेदक द्वारा प्रस्तुत हक त्याग रिलीज डीड दिनांक 04.12.2024 एवं शपथ-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती राजबाला पत्नि स्व.श्री ऋषीन्द्र तिवारी ने स्वयं के नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन किया है। जिसका नाम हस्तांतरण प्रस्तावित है।

अत: उक्त नाम हस्तानांतरण के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवे। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का नाम हस्तानांतरण श्रीमती राजबाला पत्नि स्व.श्री ऋषीन्द्र तिवारी के नाम से कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण

**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण, राजस्थान**

क्रमांक:-ननिको/दक्षिण/निर्माण/2025/719-733 दिनांक:-21.03.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 33/2024-25**

नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा निम्नांकित टेन्ट कार्य हेतु इच्छुक अनुभवी आवेदकों/फर्मों से निम्नांकित कार्य हेतु कुल राशि 20.00 लाख रुपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 22.03.2025 से दिनांक 25.03.2025 (दोपहर 1:00 बजे तक) आमंत्रित की जाती है। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान दिवस के उपलक्ष में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कार्यक्रम हेतु टेन्ट (डोम) की व्यवस्था का कार्य | 20.00 |

NIB Code No. DLB 2425A6839 UBN No. DLB 2425WSOB22236

अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम कोटा दक्षिण

## झूलेलाल जन्मोत्सव आज से

**कोटा,** (निसं)। शहर की सभी सिंधी पंचायतें और विभिन्न समितिया झूलेलाल जन्मोत्सव पर 23 मार्च से लेकर 6 अप्रैल तक अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें प्रमुख होगा हेमू कलानी के जन्मदिवस पर 23 मार्च को कोटा में दो स्थानों पर रंग भरो प्रतियोगिता, विश्व सिंधी सेवा संगम कोटा चैप्टर की ओर से पुरुस्कार दिये जायेंगे। 30 मार्च को विशाल भंडारा और विशाल जुलूस। इन कार्यक्रमों का समापन 4 से लेकर 6 अप्रैल तक होगा। चार अप्रैल को श्री झूलेलाल का छठी महोत्सव मनाया जाता है। इन कार्यक्रमों के अलावा भजन संध्या, प्रश्नोत्तरी, घर घर झूलेलाल इस पूरे महोत्सव की खासियत है। श्री झूलेलाल सेवा समिति रामतलाई की ओर से की ओर से 23 मार्च को हेमू कॉलोनी चित्र में रंग भरे प्रतियोगिता के साथ-साथ सिंधियत पर मौखिक प्रश्नोत्तरी, पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता, धार्मिक विषयों पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 26 मार्च को स्टेशन स्थित श्री सिंधी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला समिति की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। स्टेशन स्थित श्री सिंधी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला समिति की ओर से 28 मार्च को 4.00 से धर्मशाला में दो आयु वर्गों में सनातन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें 7 से 14 वर्ष तक के बच्चे और दूसरे वर्ग में 14 वर्ष से ऊपर की सिंधी महिलाएं भाग ले सकेंगे। श्री सिंधी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला समिति की ओर से 29 मार्च को प्रात: 6.00 बजे प्रभात फेरी और रात्रि 7.00 बजे पूज्य बहराना साहब निकाला जाएगा।

इसी क्रम में 30 मार्च को स्टेशन स्थित श्री सिंधी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला मे अभिषेक और आरती के साथ आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा और शाम 5.00 बजे स्टेशन के मुख्य बाजारों में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और रात्रि 8.00 बजे ज्योति परवान होगा। 30 मार्च को सुबह 8.00 बजे झूलेलाल मंदिर राम तलाई में नवरात्र स्थापना होगी, सुबह 5.00 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, 8.00 बजे झूलेलाल साइ का अभिषेक होगा, 8.30 बजे दीप प्रज्वलन होगा जो रक्तदान शिविर के साथ आयोजित होगा। 30 मार्च को ही विशाल शोभायात्रा निकल जाएगी जो राम तलाई से प्रारंभ होकर रात्रि 9.00 बजे सतेश्वर महादेव मंदिर पर बहराना विसर्जन और आतिशबाजी के साथ संपन्न होगी।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**( व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4 )**

**नाम अदालत मुंसिफ उत्तर कोटा**

**सत्यनारायण विरुद्ध अशोक कुमार**

वाद/प्रार्थना-पत्र cm

प्रार्थना संख्या 83/2025

नाम अशोक कुमार नागर पुत्र ओमप्रकाश नागर जाति धाकड़ पता वार्ड नं. 7 ग्राम राजपुरा तह. खानपुर जिला झालावाड़

उक्त प्रार्थी ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि.........

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये ता. 02 मास 4 सन् 2025 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जावेगा।

यह आज ता. 20 मास 3 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

**मोहर अदालत**

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटा ( उत्तर )

## बकाया राशि के 11 ट्रांसफार्मर उठाए

**छबड़ा** (निसं)। विद्युत निगम की टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग आधा दर्जन गांवों से 23.33 लाख से अधिक की बकाया राशि के 11 ट्रांसफार्मर उठाये है। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला व कनिष्ठ अभियंता केडिया रजनीश चावला ने बताया कि उनके नेतृत्व में विधुत विभाग की टीम ने क्षेत्र से थ्री फ़ेस के 5 ट्रांसफार्मर व सिंगल फ़ेस के 6 ट्रांसफार्मर उठाए। जिनमे पाली से 1.5 लाख पर 2, चाँदपूरा से 4.67 लाख के 1, नीमखेडा से 8.5 लाख के 1 पर आदि जगहों से उठाए गये।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**

**न्यायालय मुंसिफ उत्तर कोटा**

**सत्यनारायण विरुद्ध अशोक कुमार नागर**

बाबत cs 98/2005

बनाम अशोक कुमार नागर पुत्र श्री ओमप्रकाश नागर जाति धाकड़ स्थान वार्ड नं. 7 ग्राम राजपुरा तह. खानपुर जिला झालावाड़ वादी ने आपके विरुद्ध वाद के लिए संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 02 माह 4 सन् 25 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिससे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 20.03.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**मोहर अदालत**

रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटा ( उत्तर )

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

क्रमांक:- एफ/दा.स./देव/2024 28 89
दिनांक : 13.12.2024

**उजरदारी नोटिस**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय सहायता प्राप्त मन्दिर श्री गोविन्दरायजी नान्ता तहसील लाडपुरा जिला कोटा के पुजारी श्री राजेन्द्र मोहन आचार्य का देहान्त दिनांक 21.02.2020 को हो जाने के कारण इनके बड़े पुत्र श्री शरद चन्द्र आचार्य ने स्वयं के नाम दाखिल खारिज हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।

अत: इस संबंध में किसी दीगर व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 30 दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करे, वाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

आज दिनांक 13.12.2024 को नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर द्वारा जारी किया गया।

**सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा**

RATED AMONG 101-150 RANK BAND YEAR 2021, 2022 and 2024 IN UNIVERSITY CATEGORY BY nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK Ministry of Education, Govt. of India
ACCREDITED BY: NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
QS I-GAUGE INDIAN UNIVERSITY RATING DIAMOND
NIMS UNIVERSITY RAJASTHAN, JAIPUR
The future of AI is here...
Introducing
Rajasthan's First & Asia's Leading
Dedicated AI Institute
NIMS - MARIK INSTITUTE OF ARTIFICIAL INTELLIGENCE, ROBOTICS AND CYBERNETICS
In association with Europe's finest Artificial Intelligence Institute
CZECH INSTITUTE OF INFORMATICS ROBOTICS AND CYBERNETIC CTU IN PRAGUE


REGISTER TODAY FREE FOR
First Indo-Pacific-European hub for Digital Partnership (INPACE) & European Union (EU) Collaborated International Conference
FIRST 100 PROSPECTIVE STUDENTS WILL GET FREE ACCOMMODATION
NIMS AI-CON 2025
APRIL 1-3, 2025 | 10:00 AM ONWARDS
at Rajeshwari Auditorium, Nims University Rajasthan, Jaipur
Scan to Register www.nimsaicon.com
JOIN GALAXY OF WORLD CLASS AI SCIENTISTS
DAY-1
Prof. Ikuo Mizuuchi, Tokyo University of Agriculture, Japan. Topic - Human-Inspired Robotics
Prof. Vladik Kreinovich, University of Texas at El Paso, USA. Topic - Spectacular Successes of Deep Learning: Why and What Next?
Prof. Millie Pant, IIT Roorkee, India. Topic - Responsible AI for Health Care
Prof. Miroslav Svítek, Czech Technical University, Prague, Czech Republic (Europe). Topic - Europe Avenue as a Smart City Testbed in Prague
Prof. Subhashis Banerjee, Ashoka University, India. Topic - Trustworthy AI
DAY-2
Prof. Abdulnasir Hossen, Sultan Quaboos University, Muscat, Oman. Topic - Artificial Intelligence in Medicine: Discrimination between Different Tremors
Dr. Jan Šedivý, CIIRC, Czech Technical University, Prague. Topic - Advancing LLMs: From Training to Smarter Reasoning
PANEL I Topic - Trends in AI & ML
MODERATOR: Prof. Vladimír Mařík, CIIRC, Czech Technical University, Prague
PANELISTS: José Angel Lopez Mayoralas, Instituto de Inteligencia Artificial, Spain; Prof. Subhashis Banerjee, Ashoka University, India; Dr. Martin Macaš, CIIRC, Czech Technical University, Prague; Prof. A Min Tjoa, Vienna University of Technology Vienna, Austria; Dr. Vladimír Honig, University of Life Sciences, Prague
PANEL II Topic - AI in Robotics and Manufacturing
MODERATOR: Prof. Václav Hlaváč, CIIRC, Czech Technical University, Prague
PANELISTS: Dr. Pavel Burget, CIIRC, Czech Technical University, Prague; Prof. Ikuo Mizuuchi, Tokyo University of Agriculture, Japan; Dr. Karel Košnar, CIIRC, Czech Technical University, Prague; Dr. Sotiris Makris, University of Patras, Greece
PANEL III Topic - Medical Applications of AI
MODERATOR: Prof. Olga Štěpánková, Vienna University of Technology, Vienna, Austria
PANELISTS: Prof. Imre Felde, Obuda University, Budapest, Hungary; Prof. Abdulnasir Hossen, Sultan Quaboos University, Muscat, Oman; Dr. Jiří Hozman, Faculty of Biomedical Engineering Czech Technical University, Prague; Prof. Millie Pant, IIT Roorkee, India
DAY-3
Prof. Josef Šivic, CIIRC, Czech Technical University Prague (Europe). Topic - Learning for physical interaction: from objects to molecular structures
Prof. A Min Tjoa, Vienna University of Technology Vienna, Austria. Topic - Digital Humanism
PANEL IV Topic-Trends in AI & ML
MODERATOR: Dr. Vit Dočkal, CIIRC, Czech Technical University, Prague
PANELISTS: Dr. Valentina Ivanova, CEA, France; José Angel Lopez Mayoralas, Instituto de Inteligencia Artificial, Spain; Petr Šamánek, CIIRC, Czech Technical University; Dr. Sotiris Makris, University of Patras, Greece
MARIK INSTITUTE IS THE ONLY INSTITUTE IN INDIA WHICH RECOGNIZED AS Indo-Pacific-European Hub for Digital Partnership in association with European Union (EU)
NVIDIA DGX A-100 GPU SERVERS | Equipped with WORLD'S MOST ADVANCED ARTIFICIAL INTELLIGENCE (AI) DEEP LEARNING LAB | Robotics Labs from KUKA and SIEMENS | 1st in Rajasthan Computational Cognitive Science & Drone Tech. Lab equipped with AI KAPTICS
Reimagine engineering with industry 4.0 courses imparting 21st century skills
Our Specializations in B.Tech & M.Tech: Computer Science and Engineering | Artificial Intelligence & Machine Learning | Robotics & Cybernetic Technology | Cloud Computing | Smart Manufacturing | Data Science | Information Technology
Address: Dr. B.S. Tomar City, Jaipur-Delhi Highway, Jaipur - 303121 (Rajasthan), Visit us at : www.nimsuniversity.org
For further details, Contact: +91-8306005713, +91-9257025601, Toll Free: 1800 120 1020